राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

23 सितम्बर 2023: शनिवार: वर्ष – 04: अंक – 23

पांच नटखट सब्जियां

आज की कविता

क्या आप कभी पलंग से सोते हुए गिरे है? पांच नटखट सब्जियों बैंगन, आलू, प्याज, भिन्डी और टमाटर के साथ तो यही हुआ। अब इन रोती हुई सब्जियों को कौन चुप करायेगा? क्या ये पांचो वापस पलंग पर सो पाएंगी? जानने के लिए देखते और सुनते है ये कविता। चित्र पर क्लिक कर सुने यह मज़ेदार कविता।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Infobells

किसान राजकुमारी

आज की कहानी

कंसारी के पिता को पसंद नहीं था कि इतने बड़े राजा की बेटी खेती करे। नाराज होकर राजा ने कंसारी को राजमहल से निकाल तो दिया, लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि कंसारी को मनाने और उसे लेने राजा जंगल स्वयं आया ? क्या कंसारी वापस राजमहल गई? वह किसान राजकुमारी कैसे बनी? पूरी कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox



उड़, चील, उड़!

आज की किताब

लोग अक्सर सोचते हैं कि उनका जीवन सीमित होता है, जबकि वो उससे कुछ अधिक महान करने के लिए बने हैं. हम कुछ उदात्त, कुछ श्रेष्ठ करने के लिए बने हैं. हम इस पृथ्वी के नीरस अस्तित्व से बंधे नहीं हैं, बल्कि वास्तव में कुछ शानदार काम अंजाम करने के लिए यहाँ आए हैं । उड़, चील, उड़! एक अफ्रीकी कहानी का आकर्षक और अभिनव रूपांतर है। कहानी पढने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys



हवापम्प

आज की गतिविधि

यह शायद दुनिया का सबसे सरल और सबसे कुशल एयर पंप है। इस पंप से आप गुब्बारे को हवा से फुला सकते हैं। इसे बनाने के लिए आपको एक 1 लीटर की खाली प्लास्टिक की बोतल, दो गुब्बारे - एक बड़ा एक छोटा, कैंची और टेप की आवश्यकता होगी। आइये सीखते है इस बार की गतिविधि में हवा के पम्प को बनाना। विडियो के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys

'बुढ़िया की रोटी' का समाजशास्त्र

टीचर्स कॉर्नर

हर कहानी के कई पहलु होते है। आमतौर पर 'बुढ़िया की रोटी' कहानी के बारे में कहा जाता है कि बुढ़िया अपने हक़ को पाने के लिए कोशिश कर रही थी। लेकिन हक़ पाने की इस कोशिश में धमकाना, देख लेने की बात कहना, कमज़ोर पर दबाव बनाने के लिए लगातार किसी और ताक़तवर से मदद माँगना चलता रहता है। पढ़ते है 'बुढ़िया की रोटी' कहानी के कुछ पहलु नंदा शर्मा की नज़र से।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

कैसे करें कहानी पर चर्चा?

हमारा पुस्तकालय

समझ के साथ पढ़ने वाले पाठक और लेखक के रूप में बच्चों को विकसित होने का अवसर कहानी पर सवालों के माध्यम से चर्चा करने से ही होगा। इससे बच्चों में चिंतन की क्षमता कौशल के साथ ही बच्चे कहानी के पात्रों के साथ एक जुड़ाव विकसित कर पाएंगे और कहानी को आसानी से अपने शब्दों में सुना भी सकेंगे जो सीधे-सीधे बच्चों के मौखिक भाषा विकास को प्रोत्साहित करेगा। पढ़ते है ये ब्लॉग

शिक्षकों के लिए। Education Mirror

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 178वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।